10:00 PM | 0.0KB/s

Gwaliorhulchal.com

...य दैनिक

...गलवार ...तम्बर 2020 | पेज 12 | मूल्य 3 रुपए | R.N.I. No. MPHIN/2001/5175

...चल को इन्टरनेट पर पढ़ें

...aliorhulchal.com

नई दिल्ली- राज्यसभा के वर्तमान सत्र से निलम्बित किए... सुबह उपसभापति हरिवंश नारायण पोहा- चाय लेकर पहु... पीने से मना कर दिया। मालूम हो कि ये निलम्बित सांसद... धरने पर हैं।

ग्वालियर में गोविंदपुरी में रात में दम्पति पर हमला करने और छेड़छाड़ करने के आरोपियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सीएजी ने तत्कालीन मुरैना कलेक्टर विनोद शर्मा और श्योपुर कलेक्टर सोलंकी को अवैध नियुक्तियां करने वाला बताया

ग्वालियर हलचल संवाददाता

ग्वालियर, 22 सितम्बर। भारत के नियंत्रक-महा लेखापरीक्षक (सीएजी) की जांच रिपोर्ट में मुरैना के तत्कालीन कलेक्टर विनोद शर्मा और श्योपुर के तत्कालीन कलेकअर पीएल सोलंकी को 20 अवैध नियुक्तियां कर निर्धारित भर्ती नियमों का उल्लंघन करने वाला बताया गया है।

कैग के 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष प्रतिवेदन में पेज 45 पर उल्लेख है कि निर्वाचन कार्य हेतु सृर्जित अस्थाई पदों के

(फाइल फोटो)

विरुध्द पूर्व में संलग्न 20 व्यक्तियों को तत्कालीन कलेक्टरों (कलेक्टर मुरैना विनोद शर्मा, कलेक्टर पीएल सोलंकी द्वारा रिक्त पदों के विरुध्द नियमित रूप से सहायक ग्रेड-3 तथा भृत्य के पद पर नियुक्त (जनवरी से अगस्त 2016) किया गया था। यह नियुक्तियां नियुक्ति आदेशों में संबंधित भर्ती नियमों का उल्लेख किए बिना तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणियों के कर्मचारियों के नियुक्तियों के संबंध में म.प्र. कनिष्ठ सेवा (संयुक्त अर्हकारी) परीक्षा नियम 2013 , फरवरी 2011 तथा मई 2011 में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अनुदेशों /दिशा निर्देशों में निर्धारित उपयुक्त नियमित भर्ती प्रकिया का पालन किए बिना किया गया था। इन अवैध 20 कर्मचारियों को भुगतान की गई राशि 76.12 लाख का अनियमित व्यय हुआ।

दैनिक भास्कर, ग्वालियर के फोटो जर्नलिस्ट विक्रम प्रजापति पर जानलेवा हमले के आरोपी सन्नी कबाड़ी को ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

...य- भाजपा में सिंधिया की ...त्र में पुरानी पकड़ भी छूटी

में तो उम्र गुजर जायेगी। जग हंसाई का सबब बन बैठे हैं। इनको यह तो समझ में आ ही गया कि भाजपा में इनकी दाल नहीं गल रही। राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता। श्री कोठारी आगे लिखते हैं - ज्योतिरादित्य ने भी क्या कार्य किए प्रदेशवासियों के लिए? मिलीभगत की राजनीति भी नहीं कर पाएंगे। न सीटों के बटवारे में प्रभावी होगी।

मुन्नालाल ने सतीश सिकरवार पर साधा निशाना . बोले-कुछ लोग थोड़ा सा लालच देकर रातों-रात गरीबों के मसीहा बनना चाहते हैं

ग्वालियर हलचल संवाददाता

ग्वालियर, 22 सितम्बर। ग्वालियर पूर्व विधानसभा सीट से भाजपा के संभावित उम्मीदवार माने जा रहे मुन्नालाल गोयल ने अपने प्रतिद्वंदी भावी प्रत्याशी कांग्रेस के सतीश सिंह सिकरवार पर निशाना साधा है। श्री गोयल ने वार्ड 56,57, 59 के निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग थोड़ा सा लालच देकर रातों-रात गरीबों के मसीहा बनना चाहते हैं।

(यहां बता दें कि श्री सिकरवार पिछले कुछ समय से ग्वालियर (शेष पेज 12 पर)

भाजपा नेता व पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल के बड़े भाई महेशचन्द्र गोयल का कोरोना बीमारी से निधन हो गया है।

दैनिक भास्कर नेशनल एडिटर... किसानों के नाम व्यापारियों की...

ग्वालियर हलचल संवाददाता

भोपाल, 22 सितम्बर। दैनिक भास्कर के नेशनल एडिटर(सैटेलाइट) ओम गौड़ का कृषि सुधार बिल पर लेख आज के दैनिक भास्कर में छपा है। उन्होंने लिखा है- कांग्रेस किसानों के नाम पर राजनीति कर रही है तो क्या भाजपा किसानों के नाम पर व्यापारियों की पैरवी नहीं कर रही है?न्यूनतम समर्थन मूल्य कौन तय करेगा सरकार या